Headline: NSE launches new educational initiatives to deepen financial markets	
Source: 6pm (Sandhya Dainik)	**Date:** 20 October 2015

एनएसई द्वारा गहन फाइनेंशियल मार्केट्स हेतु नई शैक्षिक पहल की शुरुआत

नई दिल्ली। एनसीसीएमपी-एक्जाम की तैयारी के उद्देश्य हेतु 500 स्टूडेंट्स की बड़ी बैच प्रारम्भ एवं वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु मध्य भारत में 59 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। भारत के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज एनएसई ने मध्य भारत के लिये नए शिक्षण कार्यक्रम की घोषणा की है। मध्य भारत में फाइनेंशियल मार्केट प्रशिक्षण, जागरूकता और शिक्षण को बढ़ाने के अपने उद्देश्य की सफलता हेतु एनएसई द्वारा आईपीएस एकेडमी (मध्यप्रदेश का एक अग्रणी शिक्षा संस्थान) के साथ मिलकर इस लक्ष्य की प्राप्ति का संकल्प लिया गया है। इस उद्देश्य हेतु हाल ही में दोनों संस्थान द्वारा एक एमओयू पर हस्ताक्षर भी किये गए हैं। आईपीएस एकेडमी द्वारा 500 स्टूडेंट्स की एक बैच शुरू भी की जा चुकी है, एनएसई सर्टिफाइड केपिटल मार्केट प्रोफेशनल (एनसीसीएमपी) एक्ज़ाम के लिये यह एक बहुत बड़ी बैच है। यह प्रोजेक्ट डॉ. विवेक कुशवाह, डारेक्टर, इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च, आईपीएस एकेडमी के सहयोग से आईपीएस एकेडमी में चलाया जा रहा है।